प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार होम–स्टे संचालकों और होटल मालिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आज शिमला में होम–स्टे पोर्टल के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से अब घर बैठे ही होम–स्टे का पंजीकरण किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र के कारण होम–स्टे के पंजीकरण के रिन्यूअल को न रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को ऐसे होटलों को प्रोविजनल पंजीकरण प्रदान करने को कहा, ताकि उनका व्यवसाय सुचारू रूप से संचालित होता रहे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत 'पर्यटन से स्वरोजगार' अर्जित करने के लिए होम–स्टे योजना आरम्भ की गई है। योजना के अंतर्गत अधिकतम छह कमरे की सुविधा का होम–स्टे पंजीकृत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने योजना के तहत ब्याज अनुदान योजना शुरू की है ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आय के साधन भी बढ़ा सकें।

## विक्रमादित्य सिंह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को आजादी के बाद से ही राजस्व घाटा अनुदान मिलता रहा है, मगर बजट में उसे खत्म कर दिया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। विक्रमादित्य सिंह ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष रखने की बात कही है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई ड्रैनेज नीति लाई जाएगी ताकि सड़कों को नुकसान से बचाया जा सके।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट, आरडीजी को लेकर कांग्रेस सरकार गुमराह कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा आरडीजी को बंद किए जाने के संबंध की गई टिप्पणीयों पर विस्तृत तथ्यात्मक जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा की है, जिसमें प्रदेश के रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर पूरी स्थिति स्पष्ट की गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की भरपूर मदद कर रही है जो प्रदेश की कांग्रेस सरकार से संभल नहीं रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने वित्तीय कुप्रबंधन का ठिकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार राज्यों के साथ भेदभाव नहीं करती है और 16वें वित्त आयोग के फार्मूले के तहत कई विपक्षी शासित राज्यों को भी डेवोल्यूशन में लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि

आयोग के आंकड़े दर्शाते हैं कि 16वें वित्त आयोग फार्मूले के तहत हिमाचल का डेवोल्यूशन करीब 2 हजार 3 सौ 88 करोड़ बड़ा है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला में 10 दिवसीय शॉर्ट कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आज शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 15 विभिन्न संस्थानों से कुल 18 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संस्थान के निदेशक ब्रजेश सिंह ने बताया कि 10 दिनों में प्रशिक्षणार्थियों को थ्योरी के साथ–साथ प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिकल भी करवाया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं और बीते दो दिनों के दौरान हुई व्यापक बर्फबारी और वर्षा से पूरा प्रदेश कड़ाके की शीतलहर की चपेट में है। जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिला के पांगी व भरमौर में बीती रात बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली, सोलंगनाला, धुंधी और कोठी में भी ताजा हिमपात हुआ है। मौसम विभाग ने आज राज्य के मध्यम व अधिक उंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है।

———————————————